Lt! 30029 Dt: 4/3/2021

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वनिकी प्रभाग, मेरठ।

पत्रांक 3900 /14–1, दिनांकः मेरठः 27 , फरवरी, 2021.

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उत्तर प्रदेश, एक्सप्रेसवेज इण्डस्ट्रियल डेवलमेन्ट अथारिटी,
सी–13 द्वितीय तल पर्यटन भवन विपिन खण्ड गोमती नगर,
लखनऊ।

**विषयः–** **गंगा एक्सप्रेस–वे परियोजना के संरेखण में आ रही वन भूमि एवं गैर वन भूमि पर वन विभाग के वृक्षों का सर्वेक्षण करने के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– आपका पत्रांक– 12103/1832यूपीडा/20(वन), दिनांक– 07.10.2020.

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र दिनांक– 07.10.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विषयक परियोजना के संरेखण में आ रही वन भूमि एवं गैर वन भूमि पर वन विभाग के वृक्षों का संयुक्त सर्वेक्षण करवाने की अपेक्षा की गयी है। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय वन अधिकारी, मेरठ से संयुक्त निरीक्षण कराया गया। अतः क्षेत्रीय वन अधिकारी, मेरठ की रिपोर्ट के अनुसार परियोजना के संरेखण में सामाजिक वानिकी प्रभाग, मेरठ के अन्तर्गत आ रही गैर संरक्षित वन क्षेत्र पर अवस्थित बाधक वृक्षों का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र0 सं0 | मार्ग का नाम | कि0मी0 व पटरी | बाधक वृक्षों की संख्या | भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हापुड़–किठौर मार्ग | कि0मी0 14 व बायीं पटरी | 3 | गैर संरक्षित भूमि |
| 2 | हापुड़–किठौर मार्ग | कि0मी0 14 व दायीं पटरी | 32 | गैर संरक्षित भूमि |
| 3 | खरखौदा–कौल मार्ग | कि0मी0 04 व बायीं पटरी | 6 | गैर संरक्षित भूमि |
| 4 | खरखौदा–कौल मार्ग | कि0मी0 04 व दायीं पटरी | 6 | गैर संरक्षित भूमि |
| | योग– | | 47 | – |

आपकी पत्र सं0– 15996/1832/यूपीडा/20(वन), दिनांक– 23.02.2021 के द्वारा वांछित वन स्वरूप क्षेत्र एवं राष्ट्रीय पार्क/ वन्य जीव विहार से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित है तथा उक्त परियोजना के निर्माण में वन भूमि प्रभावित नहीं हो रही है। अतः वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

ACEO/ d. Manager (F) भवदीय,

4/3/21

(राजेश कुमार)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मेरठ।

प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग मेरठ

(अवनीश कुमार अवस्थी)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा)

संख्या / दिनांकित।

1– प्रतिलिपि वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सामाजिक वानिकी मेरठ क्षेत्र, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2– प्रतिलिपि क्षेत्रीय वन अधिकारी, मेरठ को उनके पत्रांक– 286/14–1, दिनांक–20.02.2021 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

5/3/2021

(राजेश कुमार)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मेरठ।

(श्रीश चन्द्र) अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

(अरूण कुमार राय)
डिप्टी कलेक्टर/अधिकृत अधिकारी
गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना
यूपीडा, लखनऊ